भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 434

19 नवम्बर, 2019 को उत्तरार्थ

**विषय : रबी अभियान, 2019 हेतु राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन**

**434. श्री हेमन्त पाटिलः**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**श्री विनायक भाऊराव राऊतः**

**डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः**

**डॉ॰ डी॰एन॰वी॰ सेंथिलकुमार एस॰**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने रबी फसलों हेतु कार्यनीति बनाने हेतु राज्य सरकार के अधिकारियों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासकों, अनुसंधान वैज्ञानिकों और संबद्ध कार्यकर्ताओं के साथ रबी अभियान, 2019 हेतु राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(ग) क्या देश में उर्वरकों की भारी मांग है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण चरण में फसल नष्ट होने से निपटने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) पिछले सत्र की तुलना में चालू सत्र के दौरान रबी फसल के बुवाई क्षेत्र का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा फसल-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या देश के विभिन्न भागों में अनियोजित फसल बुवाई की प्रथा अब भी जारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) एवं (ख) :** जी हां। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केन्द्र (एनएएससी), पूसा कम्प्लेक्स, आईसीएआर, नई दिल्ली में दिनांक 20.09.2019 को राष्ट्रीय रबी अभियान कृषि सम्मेलन, 2019 का आयोजन किया गया था जिसमें निम्नलिखित विषयों : खरीफ समीक्षा तथा रबी की संभावनाएं;

किसानों के लिए गुणवत्ताप्रद बीज; ब्याज छूट स्कीम एवं किसान क्रेडिट कार्ड; प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की  विवेचना की गई।

सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा अन्य हित धारकों के सूचनार्थ, आवश्यक कार्रवाई तथा अनुपालना हेतु उपर्युक्त सम्मेलन का कार्यवृत परिचालित किया गया है।

**(ग) :** मंत्रालय मौसम दर मौसम आधार पर उर्वरकों की अवश्यकता का आकलन करता है। प्रत्येक मौसम अर्थात; रबी एवं खरीफ के पूर्व यह मंत्रालय फसलन प्रणाली, फसलीत क्षेत्र, फसलवार संस्तुत उर्वरकों की खुराक, मृदा स्वास्थ्य की स्थिति एवं संस्तुत खुराक के अनुसार मृदा में पोषक तत्व की आवश्यकता, सिंचित क्षेत्र, खपत पैर्टन आदि का ध्यान रखते हुए उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन करने के लिए राज्यों के साथ जोनल सम्मेलन का आयोजन करता है।

रबी, 2018-2019 तथा 2019-20 के लिए आकलित उर्वरकों (नामत: यूरिया, डीएपी, एमओपी, कम्प्लेसीज तथा एसएसपी) की कुल मात्रा निम्नवत है:

| मौसम | आकलित मात्रा (लाख मीट्रिक टन में) |
|---|---|
| रबी, 2018-19 | 299.56 |
| रबी, 2019-20 | 326.78 |

सरकार फसल न होने पर यथोअपेक्षित उपयुक्त सुधारात्मक उपाय करती है, यदि अपेक्षित हो।

**(घ) :** दिनांक 15.11.2019 तक पिछले मौसम सहित वर्तमान रबी मौसम में कृषि क्षेत्र तथा फसल का राज्य-वार विवरण अनुबंध पर है।

**(ङ) एवं (च) :** किसानों द्वारा फसल उगाने के लिए फसल चुनने का निर्णय कई कारकों पर निर्भर करता है और उन्हें उचित विकल्प चुनने में सहायता करने के लिए समय-समय पर परामर्शिकाएं जारी की जाती है तथा फसल बुआई मौसम के पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की जाती है।

**अनुबंध**

**लो.सं.अता.प्र.सं.434**

| **फसल एवं पीएचएमएफ प्रभाग** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 15.11.2019 तक रबी फसलों के अंतर्गत क्षेत्र कवरेज की प्रगति** | | | | | | | |
| | | | | | **(क्षेत्र लाख हेक्टेयर में)** | | |
| **क्र.सं.** | **फसल** | **सामान्य रबी क्षेत्र (डीईएस)** | **सामान्य संगत सप्ताह** | **बोए गए क्षेत्र** | | **2019-20 के आगे अंतर** | |
| | | | | **2019-20** | **2018-19** | **सामान्य संगत सप्ताह** | **2018-19** |
| **1** | **गेहूं** | **305.58** | **36.84** | **32.98** | **42.40** | **-3.87** | **-9.42** |
| **2** | **चावल** | **42.76** | **7.51** | **6.27** | **6.51** | **-1.24** | **-0.24** |
| **3** | **दलहन** | **146.00** | **61.12** | **45.60** | **54.20** | **-15.52** | **-8.61** |
| क | चना | 93.53 | 43.57 | 32.48 | 37.42 | -11.09 | -4.93 |
| ख | मसूर | 14.19 | 5.57 | 3.71 | 4.91 | -1.86 | -1.20 |
| ग | अरहर | 9.45 | 3.99 | 2.33 | 3.38 | -1.66 | -1.05 |
| घ | कुलथी | 2.04 | 2.53 | 2.30 | 3.22 | -0.23 | -0.92 |
| ड. | उड़द | 8.61 | 1.62 | 1.54 | 1.69 | -0.08 | -0.15 |
| च | मूंग | 10.10 | 0.51 | 0.37 | 0.45 | -0.14 | -0.08 |
| छ | लथाइरस | 4.13 | 1.81 | 1.79 | 1.63 | -0.02 | 0.17 |
| ज | अन्य दाल | 3.94 | 1.50 | 1.07 | 1.50 | -0.44 | -0.43 |
| **4** | **मोटे अनाज** | **60.78** | **27.62** | **17.26** | **17.20** | **-10.36** | **0.06** |
| क | ज्वार | 35.75 | 21.64 | 12.68 | 12.14 | -8.96 | 0.55 |
| ख | बाजरा | 0.31 | 0.11 | 0.10 | 0.03 | -0.01 | 0.07 |
| ग | रागी | 0.46 | 0.24 | 0.22 | 0.16 | -0.01 | 0.06 |
| घ | मक्का | 17.49 | 3.66 | 2.55 | 3.49 | -1.11 | -0.93 |
| ड. | जौ | 6.77 | 1.97 | 1.70 | 1.38 | -0.27 | 0.32 |
| **5** | **तिलहन** | **78.85** | **52.00** | **46.12** | **47.36** | **-5.88** | **-1.25** |
| क | तोरिया और सरसों | 60.48 | 46.94 | 43.09 | 44.02 | -3.85 | -0.93 |
| ख | मूंगफली | 7.76 | 1.76 | 1.40 | 1.20 | -0.36 | 0.21 |
| ग | कुसुम | 1.41 | 0.39 | 0.13 | 0.14 | -0.27 | -0.01 |
| घ | सूरजमुखी | 2.96 | 1.29 | 0.50 | 0.57 | -0.79 | -0.07 |
| ड. | तिल | 3.12 | 0.15 | 0.18 | 0.10 | 0.04 | 0.08 |
| च | अलसी | 2.99 | 1.34 | 0.71 | 1.25 | -0.63 | -0.54 |
| छ | अन्य तिलहन | 0.14 | 0.13 | 0.11 | 0.09 | -0.02 | 0.02 |
| | **अन्य फसलें** | **633.98** | **185.10** | **148.23** | **167.67** | **-36.87** | **-19.44** |
| **गेहूं:** सामान्य संगत सप्ताह (36.84 लाख हेक्टेयर) की तुलना में लगभग **32.98 लाख हेक्टेयर** क्षेत्र कवरेज की सूचना मिली है। इस प्रकार सामान्य संगत सप्ताह 3.87 लाख हेक्टेयर **कम क्षेत्र** कवर किया गया है। उत्तर | | | | | | | |

| |
|---|
| प्रदेश (1.43 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (1.40 लाख हेक्टेयर), हरियाणा (1.29 लाख हेक्टेयर), उत्तराखंड (0.47 लाख हेक्टेयर), हिमाचल प्रदेश (0.22 लाख हेक्टेयर), जम्मू एवं कश्मीर (0.04) तथा झारखंड (0.02 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **उच्च क्षेत्रफल** की सूचना है। पंजाब (4.09 लाख हेक्टेयर), मध्य प्रदेश (3.14 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक (0.58 लाख हेक्टेयर), महाराष्ट्र (0.36 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.29 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.25 लाख हेक्टेयर) एवं छत्तीसगढ़ (0.02 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **कम क्षेत्रफल** की सूचना है। |
| **चावल:** सामान्य संगत सप्ताह (7.51 लाख हेक्टेयर) की तुलना में लगभग **6.27 लाख हेक्टेयर** क्षेत्र कवरेज की सूचना है। इस प्रकार सामान्य संगत सप्ताह की तुलना में 1.24 लाख हेक्टेयर **कम क्षेत्र** को कवर किया गया है। आंध्र प्रदेश (0.1 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **उच्च क्षेत्रफल** की सूचना है। तमिलनाडु राज्य (0.93 लाख हेक्टेयर), केरल (0.25 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक (0.05 लाख हेक्टेयर) और मेघालय (0.03 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **कम क्षेत्रफल** की सूचना है। |
| **दलहन:** सामान्य संगत सप्ताह (61.12 लाख हेक्टेयर) की तुलना में लगभग **45.60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र** कवरेज की रिपोर्ट की गई है। इस प्रकार सामान्य संगत सप्ताह की तुलना में **15.52 लाख हेक्टेयर** कम क्षेत्रफल कवर किया गया है। राजस्थान (6.77 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (0.41 लाख हेक्टेयर), तमिलनाडु (0.24 लाख हेक्टेयर), झारखंड (0.16 लाख हेक्टेयर), नागालैंड (0.15 लाख हेक्टेयर), हरियाणा (0.13 लाख हेक्टेयर), असम (0.10 लाख हेक्टेयर), उत्तराखंड (0.07 लाख हेक्टेयर), छत्तीसगढ़ (0.04 लाख हेक्टेयर), जम्मू एवं कश्मीर (0.01 लाख हेक्टेयर) और मेघालय (0.01 लाख हेक्टेयर) से **उच्च क्षेत्रफल** की सूचना है। मध्य प्रदेश (12.17 लाख हेक्टेयर), महाराष्ट्र (5.71 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक (2.75 लाख हेक्टेयर), उत्तर प्रदेश (0.71 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.64 लाख हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (0.57 लाख), गुजरात (0.39 लाख हेक्टेयर), तेलंगाना (0.36 लाख हेक्टेयर), ओडिशा (0.27 लाख हेक्टेयर), अरुणाचल प्रदेश (0.02 लाख हेक्टेयर) और पंजाब (0.01 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **कम क्षेत्रफल** की सूचना है। |
| **मोटे अनाज:** सामान्य संगत सप्ताह (27.62 लाख हेक्टेयर) की तुलना में लगभग **17.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्र** कवरेज की रिपोर्ट की गई है। इस प्रकार सामान्य संगत सप्ताह की तुलना में 10.36 लाख हेक्टेयर **कम क्षेत्रफल** को कवर किया गया है। तमिलनाडु (0.48 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (0.21 लाख हेक्टेयर), हिमाचल प्रदेश (0.05 लाख हेक्टेयर), असम (0.04 लाख हेक्टेयर), पंजाब (0.02 लाख हेक्टेयर) और छत्तीसगढ़ (0.01 लाख हेक्टेयर) से **उच्च क्षेत्रफल** की सूचना है। महाराष्ट्र (6.67 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक (3.39 लाख हेक्टेयर), तेलंगाना (0.26 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.22 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.20 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (0.17 लाख हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (0.16 लाख हेक्टेयर), उत्तर प्रदेश (0.07 लाख हेक्टेयर), उत्तराखंड (0.03 लाख हेक्टेयर), मध्य प्रदेश (0.02 लाख हेक्टेयर) और हरियाणा (0.01 लाख हेक्टेयर) से **कम क्षेत्रफल** की सूचना है। । |
| **तिलहन:** सामान्य संगत सप्ताह (52.00 लाख हेक्टेयर) की तुलना में लगभग **46.12 लाख हेक्टेयर क्षेत्र** कवरेज की रिपोर्ट की गई है। इस प्रकार सामान्य संगत सप्ताह की तुलना में 5.88 लाख हेक्टेयर कम क्षेत्र को कवर किया गया है। उत्तर प्रदेश (0.45 लाख हेक्टेयर), अरुणाचल प्रदेश (0.15 लाख हेक्टेयर) और झारखंड राज्य (0.05 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **उच्च क्षेत्रफल** की सूचना है। मध्य प्रदेश (2.40 लाख हेक्टेयर), कर्नाटक (1.01 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.97 लाख हेक्टेयर), असम (0.51 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (0.45 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (0.32 लाख हेक्टेयर), महाराष्ट्र (0.18 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.17 लाख हेक्टेयर), ओडिशा (0.15 लाख हेक्टेयर), तेलंगाना (0.12 लाख हेक्टेयर), छत्तीसगढ़ (0.10 लाख हेक्टेयर), पंजाब (0.10 लाख हेक्टेयर), तमिलनाडु (0.09 लाख हेक्टेयर) ), हरियाणा (0.09 लाख हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (0.05 लाख हेक्टेयर), जम्मू एवं कश्मीर (0.02 लाख हेक्टेयर) और हिमाचल प्रदेश (0.01 लाख हेक्टेयर) राज्यों से **कम क्षेत्रफल** की सूचना है। |

*****